Allocation of gas to Gujarat

1253. SHRI VITHALBHAI M. PATEL : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

anny whether Government have receh ed Gsja mand from the Government of gafoaijderegarding allocation of natural tion, *v%* rious projects of power gjner.i- use inr vastrial projects and domestic nduState;

MP (b) wd je er State Government lias requestetef piped gas suply to Ahmedabad, SBtoahcd Walia city ; and

h(c) ur ,vvhat is the latest position abouu if miment of gas for these projects ?t *o* oson-.t

THE M iNISTER OF STATE IN THE MINSTRY OF PETROL EU VI AND NAITURAL GAS WITH ADDITIONAL CHARGE OF MINISTER OF STATECIN THE MINISTRY OF DEFENg (SHRI S. KRISHNA KUMAR) : (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) The entire gas being produced in Gujarat, along with substantial quantities of offshore gas, have been committed to various consumers in Gujarat.. Further allocation would depend on various factors, including production and availability of gas.

रसोई गैस के कनेक्शन

1254. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 21 नवम्बर, 1990 से 21 जून, 1991 तक रसोई गस के कितने कनेक्शनों की स्वीकृति दी गई; और

(ख) उपर्युक्त आबटनों में से वास्तव में कुल कितने व्यक्तियों ने रसोई गैस कनेक्शन प्राप्त किए हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) नवम्बर, 1990 से जून, 1991 की अवधि के दौरान लगभग 2.91 लाख एल पी जी कनेक्शन की संस्तुति की गई है और 2.88 लाख व्यक्ति एल. पी. जी. कनेक्शन प्राप्त कर चुके हैं।

पेट्रोलियम उत्पादों का आयात

1255. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री रणजीत सिंह :
क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत कुछ वर्षों के दौरान आयातित पेट्रोलियम उत्पादों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) वर्ष 1989–90, 1990–91 और 1991–92 के पहले छः महीनों के दौरान अपरिष्कृत तेल कुल कितनी मात्रा में आयात किया गया है ;

(ग) उपर्युक्त अवधि के दौरान अपरिष्कृत तेल के आयात पर प्रति टन औसतन कितना मूल्य अदा करना पड़ा; और

(घ) देश में अपरिष्कृत तेल के परिशोधन पर प्रत्येक वर्ष प्रति टन औसतन कितनी लागत आई ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कृष्ण कुमार) :

आयात (आंकड़े हजार मिट्रिक टन में)

वर्ष	क्रूड	पेट्रोलियम उत्पाद	रुपये प्रति मीट्रिक टन में
1989–90	19490	6564	2098
1990–91	20699	8660	2956